व्याख्याता के तबादले पर रोक लगाई

टोंक, (निसं)। राजस्थान सिविल सेवा अपील अधिकरण ने बुधवार को कोठीनातामाम स्कूल के रासायन शास्त्र विषय के प्राध्यापक के 20 दिसम्बर 2022 के तबादला आदेश पर रोक लगाते हुए राज्य के प्रमुख शिक्षा सचिव, शिक्षा निदेशक तथा अन्य को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है।

अधिकरण के न्यायिक सदस्य अनन्त भंडारी व सदस्य शुचि शर्मा की पीठ ने यह आदेश सीताराम सोनी द्वारा एडवोकेट लक्ष्मीकांत शर्मा मालपुरा के जरिये दायर की गई अपील पर सुनवाई करते हुए दिए। अपील में बताया गया है कि उसका तबादला राजकीय सीनियर सेकंडरी स्कूल लाम्बा से राजकीय सीनियर सेकंडरी स्कूल कोठीनातामम में 11 अक्टूबर 2022 को हुआ था। जिसकी पालना ने उसने 12 अक्टूबर 2022 को कार्यभार ग्रहण कर लिया, किंतु 20 दिसम्बर 2022 को फिर से उसका तबादला अल्प अवधि में ही लाम्बा स्कूल में कर दिया जिसे अपील में चुनोती देते हुए कहा गया है कि अल्प अवधि में ही उसका तबादला किया जाना अवैधानिक व गैरकानूनी है। सुनवाई के बाद 20 दिसंबर के तबादला आदेश व 26 दिसम्बर के कार्यमुक्ति आदेश के क्रियान्वयन पर रोक लगाते हुए, पक्षकारों को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है।

कामधेनू गौशाला की एक इंच जमीन भी कम नहीं होगी : विधायक सोलंकी

चाकसू, (निसं)। बाईपास स्थित जगन्नाथ यूनिवर्सिटी सभागार में क्षेत्रीय विधायक वेद प्रकाश सोलंकी की अध्यक्षता में गोपालक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान उपखंड क्षेत्र माधोराजपुरा एवं कोटखावदा पंचायत समिति सहित कस्बे के 35 वार्डों के गोपालकों को सम्मान पत्र एवं 11 सौ रुपए की नगद प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया गया।

पंडित छीतर मल शर्मा द्वारा वैदिक मंत्रोचार के साथ गाय एवं बछड़े का पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में विधायक वेद प्रकाश सोलंकी ने कहा कि गाय के बिना हमारे जीवन की कल्पना ही बेमानी है हम सबको गौवंश संरक्षण के लिए आगे आना होगा। गौ की सेवा परमात्मा की सेवा के समान है। कार्यक्रम के जरिए विधायक वेद प्रकाश सोलंकी ने श्री कामधेनु गौशाला की भूमि को अस्पताल के लिए आवंटित करने के मामले में उपखंड क्षेत्र के गोपालकों के बीच अपना पक्ष रखते हुए कहा कि राजनीति की बात

चाकसू में क्षेत्रीय विधायक वेद प्रकाश सोलंकी की अध्यक्षता में गोपालक सम्मान समारोह हुआ।

राजनीति के मंच पर करनी चाहिए आप सभी का हक है यह जानना यह कार्यक्रम क्यों आयोजित किया गया है और बताना मेरा फर्ज है अभी कुछ दिन पूर्व ही चाकसू क्षेत्र में हमने 44 करोड का हॉस्पिटल सेंशन करवाया है और ट्रौमा हॉस्पिटल हाईवे पर बनता और हाईवे पर जहां जगह खाली है वह जगह हॉस्पिटल को अलाट की गई है उसी लगवा भूमि में श्री कामधेनू गौशाला संचालित है इसका कुछ हिस्सा हॉस्पिटल में आता है मैं आप सभी को पुन: कह रहा हूं और बार-बार कह रहा हूं गौशाला कहीं नहीं जाएगी और उसकी 1 इंच जमीन भी कम नहीं होगी जो जमीन हॉस्पिटल के लिए गौशाला की जाएगी उतनी या उस से बढ़ाकर गौशाला के लगवा जमीन अलाट कर दी जाएगी।

उसके उपरांत भी सारी बात जानते समझने के बाद भी सर्व समाज ने बंद का समर्थन किया। हमने हमारे सभी साथियों से भी कहा बंद के दौरान ऐसी कोई भी असामाजिक गतिविधियों को बढ़ावा नहीं मिलना चाहिए जिससे मामला बिगड़े सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाने के लिए हमने हमारे समर्थकों की भी दुकानें बंद करा दी। जिससे कि कोई अप्रिय घटना ना हो लेकिन धरना प्रदर्शन और बंद तब जायज था जब मैं या प्रशासनिक अधिकारी यह कहते कि

■ उपखंड क्षेत्र के हजारों गौपालकों के सम्मान कार्यक्रम को विधायक वेद प्रकाश सोलंकी ने संबोधित किया

गौशाला को बंद किया जा रहा है या इसको जमीन नहीं दी जा रही है ।

इस मौके पर कार्यक्रम में हरभावता आश्रम के संत बालकानंद महाराज, एसडीएम अशोक कुमार रिणवा, तहसीलदार अजीत कुमार बुंदेला, पालिका चैयरमेन कमलेश बैरवा, जनसेवक शिवप्रताप हरषाना, आशियाना ग्रुप के एमडी सनवर खान नागौरी, भरतलाल मीणा, पूर्व चेयरमैन राजेंद्र गुर्जर, अब्दुल हमीद खोकर, विक्रम सांवरिया, चन्द्रमोहन गुणावत, लालाराम धाकड, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी हनुमान सहाय मीणा अशोक कुमार तवर नोडल शिक्षा अधिकारी रामलाल मीणा सहित बडी संख्या मे क्षेत्र के सरपंच व जनप्रतिनिधिगण व हजारों गोपालक मोजूद रहे।

सार-समाचार

अतिक्रमणों पर पालिका की कार्रवाई

मालपुरा, (निसं)। शहर के इंद्रा कॉलोनी चिन्ताहरण बालाजी मंदिर से घाटीरोड सरकारी अस्पताल की मुख्य सड़क किनारे रिक्त पड़ी पालिका की तालाबी भूमि पर काबिज अतिक्रमणों के विरूद्ध बुधवार को पालिका अध्यक्ष व ईओ के आदेशों पर जेसीबी मशीन से अतिक्रमण हटाये गये। अध्यक्ष आशा नामा व ईओ देशराज मीणा ने बताया कि मुख्य सडक किनारे पालिका की रिक्त पड़ी करोडो रूपयो की तालाबी भूमि पर कब्जे की नियत से सैंकडों लोगों ने कांटों की बाड लगा बड़े भाग पर काबिज होने की मिली सूचना पर जमादार राजेश कुमार की अगुवाही में पालिका दस्ते ने जेसीबी मशीन की सहायता से अतिक्रमण हटा मौके पर ही लगाई गई कांटों की बाड में आग लगा नष्ट किया गया।

पोस्ट कार्ड अभियान जारी



कोटपूतली, (निसं)। गोपालपुरा बस स्टैंड पर ग्रामीणों ने बुधवार को सामाजिक कार्यकर्ता रतनलाल शर्मा व वरिष्ठ भाजपा नेता शंकर लाल कसाना के नेतृत्व में राजस्थान परिवहन मंत्री को पोस्टकार्ड लिखकर गोपालपुरा रोड पर यात्रियों के लिए सरकारी वाहन चलाने की मांग की। उल्लेखनीय है कि गोपालपुरा रोड पर यातायात के साधन उपलब्ध नहीं होने से विद्यार्थियों, बुजुर्गो, महिलाओं व युवाओं को आवागमन में परेशानी का सामना करना पडता है। इस मार्ग पर हाउसिंग बोर्ड, उपकारागृह, विभिन्न छात्रावास, सरकारी व गैर सरकारी स्कूल समेत ग्राम खेडकी वीरभान, खरकडी, रामसिंहपुरा, गोपालपुरा, पूरणनगर, चिमनपुरा, नृसिंहपुरा, रायकणपुरा, बनेठी, भोपतपुरा, खेड़ा निहालपुरा, बनार, पानेड़ा, देवता, छारदड़ा, कायमपुराबास, चुरी, बखराना आदि स्थित है। जिससे बीमार लोगों को चिकित्सक को दिखाने के लिए कस्बे में आने के लिए निजी वाहन किराये से लेकर आना पडता है जिसकी वजह से गरीब व्यक्ति की जेब पर भार पडता है।

भाजपा की जन आक्रोश सभा स्थगित

कोटपूतली। आगामी 05 जनवरी को आयोजित होने वाली भाजपा की जन आक्रोश सभा स्थगित कर दी गई है। सभा के विधानसभा संयोजक सुभाष चन्द शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि 05 जनवरी गुरूवार को कस्बे के कृष्णा टॉकीज के सामने प्रात: 11 बजे आयोजित होने वाली जन आक्रोश सभा स्थगित कर दी गई है।

'पेंशनर्स अपना सत्यापन शीघ्र करावें'

अलवर, (निसं)। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा संचालित एवं राज्य सरकार की स्टेट फ्लैगशिप योजनान्तर्गत सामाजिक सुरक्षा पेंशनर्स का वार्षिक भौतिक सत्यापन प्रतिवर्ष माह नवम्बर एवं माह दिसम्बर में करवाया जाना अनिवार्य होता है।

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक रविकान्त ने बताया कि जिले में वर्तमान में सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनान्तर्गत कुल 4 लाख 61 हजार 797 पेंशनर्स पेंशन योजना का लाभ प्राप्त कर रहे है जिनमें से 1 लाख 87 हजार 753 पेंशनर्स का वार्षिक भौतिक सत्यापन किया जाना शेष है। अत: पेंशन प्राप्त कर रहे सभी पेंशनर्स अपने नजदीकी ई-मित्रा कियोस्क पर जाकर बॉयोमेट्रिक मशीन के माध्यम से वार्षिक भौतिक सत्यापन शीघ्र ही अनिवार्य रूप से करावे अन्यथा सत्यापन के अभाव में पेंशन राशि का भुगतान नही किया जावेंगा। उन्होंने बताया कि ई-मित्रा प्लस मशीनों पर भी सत्यापन की सुविधा नि:शुल्क उपलब्ध हैं। ई-मित्रा प्लस मशीन अलवर जिले की सभी ग्राम पंचायतों पर उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि वार्षिक भौतिक सत्यापन से शेष पेंशनर द्वारा नजदीकी ई-मित्रा कियोस्क/राजीव गांधी सेवा केन्द्र/ई-मित्रा प्लस आदि केन्द्रों पर

■ सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक ने कहा सत्यापन नहीं कराने पर पेंशन बंद हो जायेगी

अंगुली की छाप से करवाया जा सकेगा। यदि किसी कारणवश बॉयोमैट्रिक द्वारा सत्यापन हो नहीं हो पाता है तो संबंधित पेंशन स्वीकृतकर्ता अधिकारी (विकास अधिकारी/उपखण्ड अधिकारी) कार्यालय से आधार कार्ड में रजिस्टर्ड मोबाईल नम्बर पर प्राप्त ओटीपी के आधार पर भौतिक सत्यापन किया जा सकेगा। यदि किसी पेंशनर के आधार के साथ मोबाईल नंबर नहीं जुडा होने के कारण ओटीपी नहीं आ रहा है अथवा उनका बॉयोमैट्रिक के आधार पर भी सत्यापन नहीं हो रहा है तो ऐसे पेंशनर को स्वयं के आधार/जनआधार कार्ड के साथ संबंधित स्वीकृतकर्ता अधिकारी के कार्यालय में उपस्थित होने पर पेंशन स्वीकृतकर्ता अधिकारी (एसडीओ/बीडीओ) द्वारा इन दस्तोवेजों को पेंशर पोर्टल पर अपलोड किए जाने के उपरान्त पेंशनर का वार्षिक भौतिक सत्यापन का कार्य पूर्ण किया जा सकेगा।

दोपहर बाद हुए सूर्यदेव के दर्शन

निवाई, (निसं)। पौष माह के अंतिम दिनों में पड रही कडाके की सर्दी से जन जीवन प्रभावित हुआ। इस दौरान दोपहर 1 बजे बाद सूर्यदेव के दर्शन हुए जिससे लोगों को ठण्ड से राहत मिली।

दिन के तामपान में अधिकता के बावजूद हवा में काफी ठण्डक रही। जिससे लोगों को तेज ठण्ड का अहसास हो रहा है। पिछले चार-पांच दिनों से उपखण्ड क्षेत्र सहित शहर में कोहरा भी छा रहा है।

बुधवार को सुबह से दोपहर तक क्षेत्र में घना कोहरा छाया रहा। साथ ही शीतलहर भी चलते रहने से लोगों को बचाव के लिए अलाव जलाना पडा। सुबह के समय कोहरे की अधिकता के कारण वाहन चालकों को वाहन की हेडलाईट जलाकर चलना पडा। रक्तचल पर्वत भी कोहरे से अटा रहा। सर्दी से राहत पाने के लिए सरकारी दफ्तरों सहित जगह-जगह लोग अलाव जलाकर तापते नजर आए।

दोपहर में सूर्य की तपन से धीरे-धीरे कोहरा सिमटने लगा और धूप खिल गई जिससे तेज ठण्ड से थोडी राहत मिली।

सूर्यास्त होते ही कोहरे ने क्षेत्र को फिर से आगोश में लेना शुरू कर दिया। तेज ठण्ड के दौरान बाजारों में सन्नाटा पसरा रहा एवं राष्ट्रीय राजमार्ग पर भी वाहन रेगते चलते रहे।

फंदे से लटका मिला विवाहिता का शव

पावटा, (निसं)। भाबरू थाना इलाके के छापुडा गांव में एक विवाहिता संदिग्ध हालत में फंदे से लटकी मिली है। परिजनों ने उसे फंदे से उतारकर शाहपुरा के अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के पीहर पक्ष ने ससुराल पक्ष पर हत्या का आरोप लगाते हुए विरोध जताया और अस्पताल परिसर में धरना देकर बैठ गए।

परिजनों ने दोषियों को गिरतार करने की मांग की। जानकारी के मुताबिक ममता देवी की दो माह पूर्व छापुडा निवासी कालूराम के साथ शादी हुई थी। ममता का पति सूरत में काम करता है। मंगलवार देर शाम को रसोई में ममता फंदे से लटकी मिली। परिजनों में यह देख उसे नीचे उतारकर अस्पताल

■ मृतका के भाई ने ससुराल पक्ष पर दहेज हत्या का लगाया आरोप

लेकर गए, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। इसकी जानकारी मिलने पर मृतका के पीहर पक्ष के लोग मौके पर पहुंचे ससुराल पक्ष पर हत्या का आरोप लगाते हुए धरना देकर बैठ गए। सूचना पर भाबरू पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी ली। ग्रामीणों ने मामले का खुलासा करने व दोषियों को गिरतार करने की मांग की। सूचना पर एफएसएल टीम ने मौके से नमूने एकत्रित किए है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

छात्रसंघ शपथ ग्रहण समारोह आयोजित

बहरोड़/नीमराना, (निसं)। कस्बे के धर्मचंद गांधी जैन महाविद्यालय के छात्रसंघ शपथ ग्रहण समारोह में दोपहर 12 बजे से भीड़ जुटाने का प्रयास कर रहे भाजपा के कार्यकर्ता व स्थानीय नेताओं के शक्ति प्रदर्शन तथा राजनीतिक माहौल बनाने का कार्यक्रम प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया के देर शाम पहुंचने से अतिथियों का जल्दबाजी में ही स्वागत सम्मान कर समेटना पड़ा।

गौरतलब है कि दोपहर 12 बजे से क्षेत्रीय नेताओं जिनमें भारतीय जनता पार्टी के सांसद महंत बालक नाथ समर्थक तथा बलवान सिंह यादव जिलाध्यक्ष अलवर उत्तर के समर्थकों सहित नीलम यादव तथा जसराम पटेल ग्रुप के द्वारा सैकड़ों गाड़ियों में भरकर लाई गई भीड़ शाम होते होते सर्दी में ठिठुरने के चलते छंटती देख कार्यकर्ताओं ने माहौल बनाने के लिए महाविद्यालय के मुख्य दरवाजे पर पटाखे चलाने शुरू कर दिया और इसी के चलते शाम लगभग 5:45 पर प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया के साथ अलवर सांसद महंत बालक नाथ योगी तथा बलवान सिंह यादव, युवा नेता मोहित यादव, मुंडावर विधायक मनजीत चौधरी सहित पूर्व विधायकों के साथ जितनी भीड मंच पर आई थी उतनी ही भीड लगभग सामने बैठी दिखाई दी।

पौषबड़ा महोत्सव आयोजित

कोटपूतली, (निसं)। कस्बे के पुरानी सब्जी मंडी स्थित श्री कल्याण जी मन्दिर में पौषबड़ा महोत्सव का आयोजन किया गया।

महन्त पं. राजेन्द्र शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रात: काल 05 बजे से ही प्रसादी बनाने की तैयारी शुरू कर दी गयी थी। इस मौके पर हरि कीर्तन व भजन सत्संग का आयोजन भी किया गया। जिसमें सैकडों की संख्या में महिलाओं-पुरुषों ने सत्संग का आनन्द लिया। जिसके बाद कल्याण जी भगवान की आरती उतार कर हलवा पकौडी का भोग लगाया गया। पौषबड़ा महोत्सव में हजारों श्रद्धालुओं ने पौषबड़ा प्रसादी का आनंद लिया।

पौषबड़ा शुक्रवार को

कोटपूतली, (निसं)। स्थानीय अपर जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर में अभिभाषक संघ कोटपूतली द्वारा आगामी 06 जनवरी शुक्रवार को पौषबडा का आयोजन किया जायेगा।

युवक ने फांसी लगा आत्महत्या की

मालपुरा, (निसं)। मालपुरा थाना क्षेत्र के टोरडी गांव में बुधवार की अलसवेरे ढाबा चलाने वाले एक युवक ने ढाबे के सामने नीम के पेड़ से फांसी का फंदा लगा आत्महत्या कर ली।

थानाधिकारी भूराराम खिलेरी ने बताया कि बुधवार की अलसवेरे तकरीबन 6 बजे जरिए दूरभाष के टोरडी गांव में एक युवक द्वारा फांसी का फंदा लगा आत्महत्या किये जाने की मिली सुचना पर टोरडी चौकी हैडकांस्टेबल भंवर सिंह कुरथल मय जाप्ते के घटनास्थल पर पहुंच पेड से फंदे से झूल रहे युवक गोविन्द पुत्र मंगल कहार के शव को नीचे उतार कर पुलिस सुरक्षा में ले मालपुरा अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। परिजनो की मौजूदगी मे पोस्टमार्टम कर शव परिजनो को सोंपा। परिजनो से मिली जानकारी मे मृतक गोविन्द कहार जो कि गांव मे ही नॉनवेज का ढाबा चलाता था। कई दिनो से आर्थिक तंगी से परेशान था। पुलिस ने प्रथम द्रश्या मामला आत्महत्या मानते हुए परिजनो की ओर से किसी प्रकार की कोई रिपोर्ट नही देने पर मृग मे मामला दर्ज किया गया। समाचार लिखे जाने तक युवक द्वारा फांसी लगाये जाने के कारणो का अधिकारी तौर पर खुलासा नही हो सका।

नामांकन वितरण कार्य शुरू

फुलेरा, (निसं)। जयपुर ग्रामीण क्षेत्र के सांसद कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड की पहल पर युवाओं में खेलों के प्रति प्रोत्साहन को लेकर 15 जनवरी से जयपुर में आयोजित की जाने वाली जयपुर महाखेल कबड्डी प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों के लिए नामांकन वितरण कार्य का शुभारंभ किया गया। मण्डल अध्यक्ष गजेन्द्र सिंह शेखावत ने बताया कि प्रथम कबड्डी टीम के कप्तान को फॉर्मेट देकर प्रतियोगिता हेतु नामांकन वितरण कार्य की शुरुआत की गई है। वहीं आगे बताया कि फुलेरा में आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में विधानसभा क्षेत्र के ग्राम काचरोदा, रोजडी, सुरसिंहपुरा, हिरनोदा, खेड़ीराम, जयसिंहपुरा, काजीपुरा, खण्डेल, नोरंगपुर, सांभर एवं फुलेरा की टीमें बढ़-चढ़कर भाग लेंगी।

वसुंधरा राजे समर्थक मंच की बैठक आयोजित

कोटपूतली, (निसं)। वसुंधरा राजे समर्थक मंच राजस्थान के पदाधिकारियों की बैठक प्रदेश उपाध्यक्ष व सेवानिवृत कर्मचारी महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष पं. बृजमोहन शर्मा की अध्यक्षता में बुधवार को कस्बा स्थित मोरीजावाला धर्मशाला में आयोजित हुई।

बैठक को सम्बोधित करते हुए पं. शर्मा ने कहा कि केन्द्रीय नेतृत्व पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे को राजस्थान भाजपा की चुनावी कमान सौंपता है तो राजस्थान में आने वाले 2023 के विधानसभा चुनाव में तीसरी बार प्रचण्ड बहुमत से भाजपा की सरकार बनेगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं को नववर्ष की शुभकामनायें देते हुए वर्ष 2023 के चुनावी साल में तीसरी बार राजे सरकार बनाने का संकल्प लेने की बात कही। इसके लिए युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं द्वारा गाँव-ढ़ाणियों व बुथ स्तर तक राजे सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को ले जाने का संकल्प लिया। प्रदेश उपाध्यक्ष ने आरोप लगाते हुए कहा कि पार्टी प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया के नेतृत्व में बिना प्रभाव के लोगों को पदों की बंदर बांट करने से संगठन लगातार कमजोर हुआ है। प्रभावीशाली लोगों को पार्टी से दूर करने के कारण प्रदेश भर में आयोजित हुए 9 विधानसभा उपचुनाव में भाजपा मात्र एक पर ही चुनाव जीत पाई है। एक सीट पर जमानत जप्त हुई है, वहीं एक सीट पर भाजपा तीसरे नम्बर की पार्टी बन गई है। हालात इस कदर बिगड़े है कि सरदार शहर उपचुनाव में भाजपा भारी अन्तर से चुनाव हारी है। राजस्थान में राजे सरकार के दो बार के कार्यकाल में जनकल्याणकारी योजनाओं के चलते आज भी सभी जाति, वर्गो व समाजों में लोकप्रिय है। मंच के पदाधिकारी 200 विधानसभा क्षेत्रों के 52 हजार बूथों पर राजे सरकार की नीतियों को लेकर कार्य कर रहे है। राजे जब भी सडकों पर होती है तब जन सैलाब उन्हें देखने के लिए उमड़ पडता है। जिसको देखते हुए केन्द्रीय नेतृत्व कभी भी राजे को राजस्थान की कमान सौंप सकता है। प्रदेश भर के संविदाकर्मी, राज्य कर्मचारी, सेवानिवृत कर्मचारी, किसान, मजदूर, पिछड़ा, महिला वर्ग समेत हर वर्ग कांग्रेस सरकार से आक्रोशित है।

प्राकृतिक श्रृंगार कार्यक्रम का समापन

कोटपूतली, (निसं)। राजकीय एलबीएस पीजी महाविद्यालय में बुधवार को युवा विकास केन्द्र, एन.एस.एस., एन.सी.सी, रोवर रेंजर एवं ईको क्लब के संयुक्त तत्वाधान में डॉ. एस. पी. सिंह राठौड के सेवानिवृति पर कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. आर.पी. गुर्जर एवं महाविद्यालय परिवार के साथ वर्षा ऋतु में महाविद्यालय परिसर में स्थित विभिन्न उद्यानों के प्राकृतिक श्रृंगार हेतु लगभग एक हजार पेड़ लगाने के संकल्प के अन्तर्गत वन महोत्सव में लगभग दो हजार नवीन पौधों के रोपण को लेकर महाविद्यालय में चलाये जा रहे प्राकृतिक श्रृंगार कार्यक्रम का समापन हुआ। इस दौरान संकाय सदस्यों, अशैक्षणिक कर्मचारियों समेत बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद थे।

नम्बर मिलाइए
9587884433
सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

नगरपालिका के बाहर धरने पर बैठे वाइस चेयरमैन व पार्षद

पावटा, (निसं)। पावटा प्रागपुरा नगरपालिका में व्याप्त अव्यवस्थाओं, लापरवाही और भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए वाइस चेयरमैन व पार्षदों ने बुधवार से पालिका परिसर के बाहर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू किया। वाइस चेयरमैन व पार्षदों ने अपनी मांगों और समस्याओं का समाधान नहीं होने पर उग्र आंदोलन व तालाबंदी की चेतावनी दी है।

पावटा प्रागपुरा नगर पालिका वाइस चेयरमैन अशोक सैनी, नरपत सिंह सहित पार्षदों ने आरोप लगाया कि नगरपालिका क्षेत्र में अव्यवस्था, लापरवाही और भ्रष्टाचार व्याप्त है, जिसके कारण आमजन की समस्याओं का समाधान नहीं होता है। इसी को लेकर नगरपालिका में एकत्रित होकर उन्होंने अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन करते हुए अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया। वहीं वार्ड पार्षद संजय सेन एडवोकेट लोकेश शर्मा मिंटू शर्मा सहित पार्षदों ने न.पा. पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए बताया कि उन्होंने अपनी मांगों को

पावटा प्रागपुरा नगरपालिका में व्याप्त अव्यवस्थाओं, लापरवाही और भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए वाइस चेयरमैन व पार्षदों ने पालिका परिसर के बाहर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू किया।

लेकर डीएलबी निदेशक, एसडीओ पावटा को भी दो बार ज्ञापन देकर अवगत करवा दिया गया है उसके बाद भी उनकी मांगों को पूरा नहीं किया जा रहा है। जिस पर बुधवार सुबह से ही पार्षदों ने नगर पालिका प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए धरना प्रदर्शन शुरू किया। इसी बीच नपा पार्षदों ने जमकर मुर्दाबाद के नारे लगाए भ्रष्टाचार बंद करो की नारेबाजी की।

उन्होंने नगर पालिका में कमीशनखोरी बंद करो के नारे लगाकर कराए गए कार्यों की उच्च स्तरीय जांच की मांग करते हुए अपनी मांगों को लेकर बताया कि नगरपालिका के द्वारा फर्जी

■ लापरवाही व भ्रष्टाचार के आरोप लगाये

एनओसी जारी कर दी गई लेकिन अभी तक फर्जी एनओसी जारी करने वालों के खिलाफ कोई सत कार्रवाई नहीं होने, पालिका क्षेत्र में विभिन्न जगह पर स्थित स्ट्रीट पोल में मनमर्जी से एस्टीमेट बनाकर बडा घोटाले करने, पालिका में मनमर्जी से ऑफलाइन टेंडर कर राजकोष को हानि देने, पार्षदों के बार बार कहने पर भी 2 माह से ज्यादा हो गए लेकिन साधारण सभा नहीं करवाने की मांग की थी लेकिन उच्च अधिकारियो को अवगत करवाने के बाद भी कोई सुनवाई नहीं हों रही है।

वहीं जेईएन रतन कुमार का कहना है जो भी वाइस चेयरमैन, पार्षद आरोप लगा रहे हैं इसका मेरे को कोई पता नहीं है। नगरपालिका अधिशासी अधिकारी छुट्टी पर होने के कारण वह जब आएंगे तब उनको अवगत करवा दिया जाएगा।

आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैसर्स श्री सालासर ओवरसीज प्रा. लि. पता 15-बी, गोपालपुरा बाईपास रोड़, हीरा नगर, मानसरोवर, जयपुर द्वारा नारायण सरोवर ब्लॉक सी योजना का भूखण्ड संख्या- 633, क्षेत्रफल 200.00 वर्गगज, का पजेशन लैटर शकुन्तला शर्मा पुत्र/पुत्री/पत्नी श्री गोकुल शर्मा निवासी टूंगा बस स्टैण्ड के पास, बस्सी, जयपुर के नाम से जारी किया गया है। उक्त आबंटी शकुन्तला शर्मा का स्वर्गवास दिनांक 18.07.2012 को हो गया है तथा उक्त स्व. श्रीमती शकुन्तला शर्मा के स्थान पर उनके पुत्र गिरिराज शर्मा ने स्वयं का नाम प्रतिस्थापन हेतु कम्पनी कार्यालय में आवश्यक दस्तावेजात् के साथ आवेदन प्रस्तुत किया है। अत: इस संबंध में यदि किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, कम्पनी, वित्तीय संस्था, बैंक आदि को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस की समयावधि में कम्पनी कार्यालय में सम्पर्क करे अन्यथा 15 दिवस के पश्चात् उक्त आवेदनकर्ता गिरिराज शर्मा पुत्र श्री गोकुल प्रसाद शर्मा के नाम प्रतिस्थापन की कार्यवाही कर दी जावेगी। निदेशक
श्री सालासर ओवरसीज प्रा. लि.

सूचना दिनांक-04.01.2023
वीरम सिंह S/o निहाल सिंह, खाडिया का नगला तहसील रूपवास भरतपुर दिनांक 21.03.2014 को अपनी गाड़ी नम्बर RJ05GB2799 महिंद्रा की MN40 जिसके चेसिस नंबर B6B48137 व इंजन नंबर BA13ZB0039 को एक्सीडेंट की स्थिति में रात के समय के.एस. मोटर्स प्राइवेट लिमिटेड नरसिंहपुरा अजमेर रोड़ जयपुर वर्कशॉप पर ले कर आया और गाड़ी को कंपनी के वर्कशॉप में छोड़कर चला गया। उक्त दिनांक के उपरान्त आज दिनांक तक अपनी गाड़ी लेकर नहीं गया है। इस कारण वीरम सिंह को सूचित किया जाता है कि इस आम सूचना के प्रकाशित होने की दिनांक से 7 दिवस में आ कर अपनी गाड़ी ले कर जावे अन्यथा कंपनी की कोई जिम्मेदारी भविष्य में नहीं होगी।
के.एस.मोटर्स प्राइवेट लिमिटेड
जरिये डायरेक्टर, मो. 9413401482

खोया पाया

हमारे प्लॉट A-8, A-9 चित्रगुप्त नगर-II, करतारपुरा जयपुर की शिवा हाऊसिंग कॉआपरेटिव सोसाइटी, 2B3 स्कीम के जारी प्लॉट 8 का मूल नक्शा व प्लॉट 9 की रसीद इमली फाटक के आसपास खो गए हैं। मिलने पर सूचित करे केशव कुमार, सत्येन्द्र कुमार मो. 9413417133

मैं विनोद कच्छावा के नाम से बना आईडी कार्ड नंबर 2281504 आईसीआईसीआई (ICICI) बैंक का कहीं खो गया है अगर किसी व्यक्ति को मिल जाए तो कृपया मोबाइल नंबर 9928129400 पर सूचित करें, सूचनाकर्ता विनोद कच्छावरा

This is to inform that the 10th class marksheet of Name: Meghdeep Saha School: St. Joseph's School, Bhagalpur, Year of Passing: 2010, Index No.: T/3940/097 has been lost. If any Individual finds this, he/she may call to return the same at 9835414997. Due compensation will be given to the individual.

नाम परिवर्तन

मैंने अपना नाम गुड्डी मीणा से बदलकर सपना देवी (Sapna Devi) रख लिया है भविष्य में मुझे सपना देवी (Sapna Devi) पत्नी श्री सम्पत राम मीणा के नाम से जाना जावे। निवासीः 3, मुख्य गांव, कोटवालों का बास, तहसील बसवा, जिला दौसा (राजस्थान)

मैं राम निवास बुरल्डक पुत्र श्री प्रभु राम बुरल्डक निवासी-प्रताप कॉलोनी चन्देरिया चित्तौड़गढ़ घोषणा करता हूं की मैंने मेरा नाम बदलकर रिषभ बुल्डक कर लिया है। अतः भविष्य में मुझे सभी कार्यों के लिए इसी नाम से जाना, पहचाना एवम् पुकारा जावे।

I Sata Ram S/o Mobata Ram R/o Seawa, Jalor, Rajasthan-343041, have changed my name to Satyanarayan Mali

I Ramnaresh S/o Likhma Ram R/o Charla, Churu, Rajasthan-331517, have changed my name to Ramnaresh Godara

I have changed my name from Pradeep Sainani to Pradeep Kumar Senani for all future purpose Pradeep Kumar Senani S/o Dharmdas R/o 114/97 Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur

I, Mohit Kumar son of JC-285282H Nb Sub Mahesh Kumar Yadav Unit 283 Fd Regt. I Resident of Village-Rampura Bega Ki Nangal, Post-Rampura, Teh-Neem Ka Thana, Dist-Sikar, Pin-332718 (Rajasthan) has changed my son Name From Mohit Kumar Yadav to Mohit Kumar in service record and all future purposes.

कार्यालय उप आवासन आयुक्त, वृत्त द्वितीय
राजस्थान आवासन मण्डल, अग्रवाल फार्म, मानसरोवर, जयपुर
Email Id: dhcjpr2.rhb@rajasthan.gov.in, Phone No. 0141-2782772
क्रमांक:- DHC-II/2458 दिनांक: 03/01/23
जाहिर आम सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान आवासन मण्डल द्वारा आवास संख्या 94/126, मानसरोवर, जयपुर क्षेत्रफल 162.00 वर्ग मीटर/वर्ग गज का आवंटन श्री सी.टी. जॉन पुत्र स्व. श्री सी. जॉन थोमस को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 5989 दिनांक 26.03.1990 को जारी किया गया। इनके द्वारा उक्त आवास का भौतिक कब्जा दिनांक 19.04.1990 को प्राप्त कर लिया गया था। राजस्थान आवासन मण्डल के पत्र क्रमांक 1544 दिनांक 18.03.1995 के द्वारा श्रीमती वीना चुघ एवं श्री सुधीर कुमार चुघ के नाम नियमितिकरण पत्र जारी कर दिया गया। इनके द्वारा अपने स्वयं के पक्ष उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर में दिनांक 13.03.1997 को करवाया गया। इसके पश्चात श्रीमती वीना चुघ की मृत्यु दिनांक 18.11.2022 को हो जाने के कारण इनके पति श्री सुधीर कुमार चुघ पुत्र श्री चन्द्रप्रकाश चुघ ने 1/2 अविभाजित हिस्से का मृत्यु पश्चात् नाम हस्तान्तरण सम्बन्धी प्रपत्र एवं पंजीकृत हकत्याग प्रपत्र प्रस्तुत कर उक्त आवास को अपने नाम हस्तान्तरण हेतु निवेदन किया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 7 दिवस में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त वर्णित व्यक्ति/ आवेदक श्री सुधीर कुमार चुघ पुत्र श्री चन्द्रप्रकाश चुघ के पक्ष में उक्त आवास के हस्तान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। उक्त जाहिर आम सूचना उप आवासन आयुक्त महोदय से अनुमोदित है।
सम्पदा प्रबन्धक वृत्त द्वितीय, जयपुर

राजस्थान राज्य सहकारी आवासन संघ लि. जयपुर
5वीं व 6वीं मंजिल नेहरू सहकार भवन, 22 गोदाम सर्किल, जयपुर
Phone: 0141-2741805, E-mail:rschfjaipur@yahoo.com
क्रमांक-484/23 दिनांक-03.01.2023
आम सूचना आवासन संघ की केसरीचन्द चौधरी नगर योजना का भवन संख्या-4/7, जो श्रीमती शकुंतला पत्नि श्री रमेशचन्द को आवंटित कर दिनांक 14.04.1986 को कब्जा देकर संघ द्वारा लीज डीड एवं कन्वेंस डीड जारी की गई, जो दिनांक 11.12.1986 को रजिस्टर्ड हुई। उक्त भवन श्रीमती शकुंतला के पुत्र श्री अखिलेश चन्द एवं पुत्री श्रीमती अर्चना चंद्रा द्वारा अपने माता-पिता श्रीमती शकुंतला एवं श्री रमेशचन्द का मृत्यु प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर उक्त भवन संयुक्त रूप से हस्तांतरण करने हेतु निवेदन किया है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त भवन हस्तातंरण पर आपत्ति हो तो संघ कार्यालय में 15 दिवस में प्रमाण सहित प्रस्तुत करें अन्यथा आवेदकों के नाम हस्तान्तरण कर दिया जावेगा।
(ज्योति गुप्ता)
प्रबंध निदेशक, आवासन संघ लि. जयपुर

कार्यालय उप आवासन आयुक्त, वृत्त द्वितीय
राजस्थान आवासन मण्डल, अग्रवाल फार्म, मानसरोवर, जयपुर
Email Id: dhejpr2.rhb@rajasthan.gov.in, Phone No. 0141-2782772
क्रमांक-DHC-II/ दिनांक-
जाहिर आम सूचना सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान आवासन मण्डल द्वारा आवास संख्या 01/45 (एस.एफ.एस.), मानसरोवर, जयपुर, क्षेत्रफल 112.50 वर्ग मीटर/वर्ग गज का आवंटन श्री अशोक कुमार टण्डन पुत्र स्व. श्री बी.के.टण्डन को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 199 दिनांक 21.01.1987 को जारी किया गया। इनके द्वारा उक्त आवास का भौतिक कब्जा दिनांक 08.04.1987 को प्राप्त कर लिया गया था। राजस्थान आवासन मण्डल के पत्र क्रमांक 3865 दिनांक 14.12.1994 के द्वारा श्री अशोक कुमार टण्डन पुत्र स्व. श्री बी.के.टण्डन के नाम अदेय प्रमाण पत्र जारी कर दिया गया। इनके द्वारा अपने स्वयं के पक्ष में उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर में दिनांक 26.12.1994 को करवाया गया। इसके पश्चात् श्री अशोक कुमार टण्डन पुत्र स्व. श्री बी.के.टण्डन की मृत्यु दिनांक 28.05.2021 को हो जाने के कारण इनके पुत्र श्री अमित टण्डन पुत्र स्व. श्री अशोक कुमार टण्डन ने मृत्यु पश्चात् नाम हस्तान्तरण सम्बन्धी प्रपत्र एवं पंजीकृत हकत्याग प्रपत्र प्रस्तुत कर उक्त आवास को अपने नाम हस्तान्तरण हेतु निवेदन किया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 7 दिवस में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त वर्णित व्यक्ति/आवेदक श्री अमित टण्डन पुत्र स्व. श्री अशोक कुमार टण्डन के पक्ष में उक्त आवास के हस्तान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। उक्त जाहिर आम सूचना उप आवासन आयुक्त महोदय से अनुमोदित है।
सम्पदा प्रबन्धक, वृत्त द्वितीय, जयपुर